# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–11 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित एक सौ चौरासी टाइप–सेवन बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह के बाद अब तक सांसदों के लिए लगभग तीन सौ पचास नए फ्लैटों का निर्माण किया गया है। इनमें विभिन्न राज्यों के सांसद एक साथ रह सकेंगे। यह एक भारत–श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का परिचायक है।

**आज मेरा आपसे कुछ आग्रह भी हैं। यहाँ देश के अलग–अलग राज्यों और क्षेत्रों के सांसद एक साथ रहेंगे। आपकी उपस्थिति यहाँ 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का प्रतीक बनेगी। हर प्रांत के पर्व त्योहारों का समय–समय पर सामूहिक आयोजन होगा, तो इस परिसर को चार चांद लग जाएंगे।**

**********

प्रदेश विधानमंडल का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन की कार्यवाही आगे बढ़ायी। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने गोरखपुर के विरासत गलियारा का मुद्दा उठाते हुए सरकार से सवाल किए। नेता प्रतिपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी का लोकतंत्र में विश्वास नही है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के पूर्व कार्यकाल का हवाला देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी नाकारात्मक राजनीति करती है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***मानसून सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में समाजवादी पार्टी और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी और लोकतंत्र नदी के दो छोर हैं। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के विरासत गलियारे का मुद्दा उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि कुछ लोग नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के कंधे पर बंदूक रख कर गोली चला रहे है। उन्हें आनावश्यक रूप से मोहरा बनाया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं रितेश।***

गोरखपुर के विरासत गलियारा में नेता प्रतिपक्ष के दौरे का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर के व्यापारियों ने नेता प्रतिपक्ष का इसलिए विरोध किया था कि उन्हें सपा के कार्यकाल में भय और गुंडा टैक्स का सामना करना पड़ता था।

मानसून सत्र के पहले दिन विपक्षी सदस्यों के शोर शराबे के चलते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी।

**********

सर्वजन दवा सेवन–एमडीए अभियान वाले एक सौ पंचानवे ब्लॉकों को छोड़ कर प्रदेश के शेष हिस्सों में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इसके तहत एक से उन्नीस साल तक के आयुवर्ग के लाभार्थियों को पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाई गई। छूटे हुए लाभार्थियों को दवा खिलाने के लिए चौदह अगस्त को माप अप राउंड चलेगा। गोरखपुर और बलरामपुर सहित कई पश्चिमी जिलों में भी अलग अलग स्कूलों से अभियान की शुरुआत की गई। गोरखपुर के राजकीय एडी गर्ल्स इंटर कॉलेज में सीएमओ डॉ राजेश झा ने अपने सामने छात्राओं को दवा खिलवा कर अभियान का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि साल भर में दो बार इस दवा का सेवन करने से कृमि संक्रमण से बचाव होता है।

**********

वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ धाम को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त परिसर घोषित किया गया है। काशी विश्वनाथ धाम प्रबंधन की तरफ से बताया गया है कि आज से धाम परिसर में किसी भी प्रकार का प्लास्टिक लेकर प्रवेश पूर्णतः वर्जित कर दिया गया है। प्लास्टिक की टोकरी व प्लास्टिक का लोटा इत्यादि सामग्री के साथ भी प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**********

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा आयोजित देशभक्ति फिल्म महोत्सव आज से नई दिल्ली में शुरू हो गया। यह महोत्सव स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तेरह अगस्त तक सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को जगाना है।

**********

प्रदेश के श्रावस्ती जिले के हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र में हरबंशपुर पुलिस चौकी के पास आज हुई एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब एक ही परिवार के लोगों को ले जा रही बाइक नवाबगंज शंकरपुर रोड पर एक अन्य वाहन से टकरा गई। दुर्घटना में घायल एक महिला का इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक प्रकट करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायल के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

**********

गोरखपुर सहित प्रदेश के कई पूर्वी जिलों में आज दोपहर बाद हुई बारिश से लोगों को भीषण उमस से राहत मिली है। पूर्वी जिलों में अभी भी आसमान में बादल छाए हुए हैं और वर्षा का क्रम रुक रुक कर जारी है। इस बीच, लगातार हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण कई जिलों में नदियों का जलस्तर उफान पर है। फर्रुखाबाद जिले में गंगा और रामगंगा नदी खतरे के निशान पर हैं। वहीं, शाहजहांपुर जिले में बाढ़ के कारण मिर्जापुर जरियानपुर ढाई घाट मार्ग बंद कर दिया गया है।

**********